जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार
संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-1 जयपुर, सोमवार, 5 जनवरी, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4




## धन्यवाद पाठकों!

सन 1965 में आज से ठीक 61 साल पहले 'हमारा वतन' साप्ताहिक समाचार पत्र की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री राजेंद्र कुमार अजेय ने जयपुर से की थी। आप सभी पाठकों के सम्मान और विश्वास के साथ 61 वें साल में प्रवेश करते-करते हमारा वतन देश का लोकप्रिय अखबार बन गया है। राजस्थान, नई दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखंड राज्यों में प्रसारित हो रहा है। हमारा वतन की ऊर्जा का स्रोत आप जैसे सुधि पाठक हैं। आपकी जरूरत, सुझाव और मार्गदर्शन में हमारा वतन समाचार पत्र की टीम सूचना और समाचारों से आगे जाकर देश को अग्रिम पंक्ति में रखने वाली पत्रकारिता करती है।

आज के जमाने के साथ चलने के लिए हमारा वतन समाचार पत्र अब वेब पोर्टल www.hamarawatan.com पर भी उपलब्ध है। इसी के साथ हमारा वतन की खबरों को आप इसके यूट्यूब चैनल, फेसबुक, इन्सटाग्राम और X पर भी देख सकते हैं।

हमारा वतन परिवार 62 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए आप सभी सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं को कोटि-कोटि आभार प्रकट करता है और विश्वास दिलाता है कि हमेशा आपके लिए, आपकी सलाह से, आप ही की जरूरतों का अखबार बनाते रहेंगे। फिर से धन्यवाद, पढ़ते रहिए हमारा वतन ।

**राम गोपाल सैनी (संपादक)**


## पर्यावरणविद् डॉक्टर विनय कंसल गांधी शांति पुरस्कार 2025 से हुए सम्मानित



**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** पर्यावरण संरक्षण समिति राष्ट्रीय के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष और पर्यावरणविद् डॉक्टर विनय कंसल निवासी दिल्ली को समाज सेवा के तहत पर्यावरण एवं वन संरक्षण के लिए उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करने पर गांधी शांति पुरस्कार 2025 से गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह सामाजिक एकता मंच मवाना उत्तरप्रदेश में आयोजित किए गए राष्ट्र सेवा सम्मान के अवसर दिया गया। यह सम्मान मिलने पर मंच संचालक एवं मंच के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष इस्लाम मालिक एवं उपस्थित लोगों ने कंसल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

आप सभी को नववर्ष, मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया



● अध्यक्ष ●
सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्थान जयपुर, चौमूं ब्लॉक
● पूर्व अध्यक्ष ●
महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान, चौमूं,
● निदेशक ●
श्री कृष्णा साल्ट प्राइवेट लिमिटेड, नावां, नागौर,
निवास - वार्ड नंबर 12, होली दरवाजा बाहर, चौमूं मो. 9694928983



## रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया ब्लॉक अध्यक्ष हुए नियुक्त

**जयपुर (हमारा वतन)।** सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी ने अपनी कार्यकारणी सहित चौमूं पधारे। चौमूं ब्लॉक के कर्मचारी-अधिकारियों ने माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर चौमूं ब्लॉक के सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान का अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया को नियुक्त किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने नव नियुक्त अध्यक्ष सिंगोदिया को माला व साफा बंधवाकर सम्मान किया।

इस दौरान भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जयनारायण चंदेल, महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान के मंत्री ओम भगत, कोषाध्यक्ष रामचंद्र तंवर, संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सुवालाल सिंगोदिया,शंकर लाल अधौप्या, अर्जुन लाल सिंगोदिया, मोहन लाल तंवर, रामेश्वर चांदोलिया, रामावतार निंदड़िया, रामावतार सिंगोदिया, गजानंद सिंगोदिया, मोहन लाल सिंगोदिया, बंशीधर बागड़ी,सायर मल बागड़ी, नवीन कुमार, कृष्ण कुमार आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।



Khadi India



खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025-26

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर
(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)

प्रदर्शनी 20 नवम्बर 2025 से प्रारंभ

प्रवेश नि:शुल्क
समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक
पार्किंग नि:शुल्क

50% की छूट प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर

पर प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25% की छूट

प्रदर्शनी स्थल: राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, द्वारा प्रसारित)

हमारा वतन समाचार पत्र




की ओर से सभी देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

# सर्व समाज जाग्रति संघ ने निकाली भव्य तुलसी शोभायात्रा

**चौमूं (हमारा वतन)**

पिछले साल की भांति इस वर्ष भी सर्व समाज जाग्रति संघ और ब्रजवासी गौरक्षक सेना के बैनर तले चौमूं शहर में 25 दिसंबर को तुलसी दिवस पर द्वितीय तुलसी शोभायात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यक्रम की शुभकामना दी और कहा कि सनातन धर्म को जीवित रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। यात्रा का शुभारंभ चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्याम मंदिर से हुआ। जहां महिलाओं ने तुलसी के पौधे अपने सिर पर रखकर शोभायात्रा निकाली।

**गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने की करी मांग**

शोभायात्रा का बाबा अमरनाथ कावडिया संघ द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। वहीं सर्व समाज जाग्रति संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा का साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

सर्व समाज जाग्रति संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर को लोग क्रिसमस डे मनाते हैं जो कि पाश्चात्य संस्कृति का प्रतीक है। हमारे देश में 25 दिसंबर को सभी देशवासी तुलसी दिवस मनाएं इसी को लेकर पूरे साल भर हर महीने की 25 तारीख को तुलसी की शोभायात्रा निकालते हैं। साथ ही गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकार से इसकी मांग कर रहे हैं।

जिलाध्यक्ष आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि तुलसी शोभायात्रा प्रातः 11 बजे रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्याम मंदिर से बंद बाजे के साथ प्रारंभ हुई। पुरुष गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के बैनर लेकर चले। शोभायात्रा सुभाष सर्किल, धोली मंडी, थाना मोड होते हुए राजविलास गार्डन पहुंची। पुलिस थाने के सामने थानाधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल सभी धर्मावलंबियों को निःशुल्क भोजन प्रसादी के बाद विसर्जन हुआ।

शोभायात्रा में अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, पूर्व प्रधानाचार्य रामगोपाल शर्मा, ब्राह्मण सभा अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, कृपा शंकर शर्मा, बनवारी लाल भात्रा, मुकेश ,राम प्रकाश ,सीताराम ,कैलाश तिवारी, शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, शिक्षाविद अजय शर्मा, राम मनोहर शर्मा, राम बिहारी वशिष्ठ, जयप्रकाश, अमित तिवारी, एडवोकेट मनु वत्सल, एडवोकेट अजय शर्मा, प्रभु दयाल गैसका, गोपाल गैसका, जनार्दन भात्रा, ओमप्रकाश भात्रा, बद्री प्रसाद यादव, कैलाश सैनी, जयप्रकाश, महेश शर्मा, अंबालाल शर्मा, अक्षय शर्मा, मोहित शर्मा, कृष्ण कुमार कुमावत, विष्णु दत्त शर्मा, आदित्य मिश्रा, सीमा शर्मा, मधु शर्मा, उर्मिला शर्मा, सुमन शर्मा, आशा शर्मा, शीला जांगिड़, ललित अग्रवाल, वाराणसी और पाटन से पधारे गौ सेवकों ने तुलसी मां का आशीर्वाद लिया।

# सावित्री बाई फुले जयंती पर हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)**

महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान चौमूं के तत्वावधान में 3 जनवरी 2026 को सावित्री बाई फुले के जन्मदिवस पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सैनी समाज सभा भवन पर आयोजित किया गया।



समारोह की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष अनिल कुमार सैनी ने की। समारोह के मुख्य अतिथि CGST अतिरिक्त कमिश्नर नरेश कुमार सैनी रहे।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर, महात्मा ज्योतिराव फुले व सावित्री बाई फुले को माला पहनाकर व पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। पूर्व सभापति विष्णु कुमार सैनी ने नारी शिक्षा के बारे में अपने विचार व्यक्त किए । संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया ने संस्थान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया।

मुख्य परीक्षा प्रभारी मदन लाल मालेरिया ने बताया कि 776 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर 38 छात्र-छात्राये रहे, जिनका माला, प्रमाण पत्र व मोमेंटो द्वारा स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सुरेश चंद्र सैनी,प्रदेश अध्यक्ष सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी संस्था,जयपुर का भी स्वागत किया गया, साथ ही संस्थान के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया को कर्मचारी अधिकारी संस्था ब्लॉक चौमूं का अध्यक्ष बनाने पर साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही 2025 में 80 परसेंट प्राप्त करने वाले 10 वी 12 वी तथा कॉलेज के छात्रों को भी सम्मानित किया गया ।

वर्ष 2025 में राजकीय सेवा में चयनित होने वाले समाजबंधुओं का भी शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। साथ ही इस अवसर पर पदोन्नति होने वाले समाजबंधुओं का भी शाल ओढ़ाकर व महात्माजी का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के बाद सभी बच्चों व समाज बंधुओं ने पोषबड़ा प्रसादी का आनंद उठाया। मंच संचालन सौम्या सैनी ने किया।

इस अवसर पर माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरा लाल पांच्या, कोषाध्यक्ष कुमार गौरव, भवन निर्माण कमेटी के अध्यक्ष जयनारायण चंदेल, घीसा लाल तंवर, सूरज मल ठेकेदार सहित कई समाज बन्धु उपस्थित रहे।

# मानव हित में जॉय सोसाइटी ने जुटाया 100 यूनिट रक्त

**जयपुर (हमारा वतन)।** थाना मोड़ स्थित जॉय स्टेनो एवं टाइपिंग इंस्टीट्यूट में जॉय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में द्वितीय विशाल रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। रक्तदान है सबसे ऊंचा, इसके जैसा दान है ना दूजा के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें कुल 100 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।



सोसाइटी की अध्यक्ष राधा शर्मा, सचिव प्रमोद कुमार शर्मा एवं कोषाध्यक्ष बंशीधर सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल के डॉ. आर. के. सैनी एवं बंटी सैनी के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया। शिविर में पधारे सभी रक्तदाताओं को सोसाइटी की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी हौसला अफजाई की गई।

ममता ब्लड बैंक चौमूं के निदेशक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त की एक बूंद से किसी मरणासन्न व्यक्ति की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि रक्तदान करने से शरीर में कोई परेशानी नहीं होती, बल्कि इससे शरीर में नई स्फूर्ति और ऊर्जा का संचार होता है।

इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे और सोसाइटी के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।



## शंकर गोरा बने बीजेपी के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं नगर परिषद् के दूल्हा सिंह की ढाणी निवासी शंकर गौरा को भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने की है। शंकर गौरा के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनते ही समर्थकों में खुशी की लहर है। शंकर गौरा ने विश्वास जताने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

## दिसंबर (कविता)

हर साल इस तरह गुजर जाता है
जो गया वो लौट कर नहीं आता है
कैलेंडर बदलता है तारीख बदलती है
देखते देखते यूँ साल बदल जाता है
दिन, घड़ी, वक्त, सब बदल जाता है
हाल मुफलिस का कब बदल पाता है
ये सच है कि हम पहुंचे हैं चांद पर
सच ये भी है कि गुजारा चांद
से न हो पाता है
कुछ करो उपाय रोजगार का तो जाने
'उस्ताद' भूखे पेट भजन न
हो पाता है।
दिसंबर तो हर साल आता है
जो गया वो लौट कर नहीं आता है



विनोद शर्मा वेणु, सीकर

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद सब इंस्पेक्टर, एएसआई क्लर्क, एएसआई अकाउंट्स, पद संख्या 537, अंतिम तिथि 19 जनवरी 2026
2. डीएसएसएसबी, पद एमटीएस, पद संख्या 714, अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026
3. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद मिनिस्टीरियल एंड आइसोलेटेड कैटिगरी, पद संख्या 311, अंतिम तिथि 29 जनवरी 2026
4. यूपीएसएससी, पद लेखपाल, पद संख्या 7994, अंतिम तिथि 28 जनवरी 2026
5. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद कांस्टेबल, पद संख्या 32689, अंतिम तिथि 30 जनवरी 2026
6. बीपीएससी, पद होमगार्ड हवलदार क्लर्क, पद संख्या 64, अंतिम तिथि 5 फरवरी 2026
7. एचएसएससी, पद हरियाणा पुलिस कांस्टेबल, पद संख्या 5500, अंतिम तिथि 25 जनवरी 2026
8. रीको, पद असिस्टेंट साइट इंजीनियर, पद संख्या 39, अंतिम तिथि 27 जनवरी 2026

# जाग्रति हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के मोरीजा रोड, चार दुकान स्थित जाग्रति हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 19 वें रक्तदान शिविर का आयोजन जाग्रति हॉस्पिटल और ग्राम सेवा संस्था के तत्वावधान में हुआ। साथ ही फिजीयो चिकित्सा केयर का भी आयोजन किया गया।

जाग्रति हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर हरिवल्लभ सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में युवा और महिला शक्ति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसकी वजह से कुल 309 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

ग्राम सेवा संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल पुजारी ने बताया कि 19 वर्ष से यह रक्तदान शिविर हम आयोजित करते आ रहे हैं। डॉ. हरिवल्लभ सैनी अपने जन्मदिन पर पत्नी के साथ रक्तदान करते हैं। साईं मंदिर के महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और हम सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि रक्त की एक बूंद से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

रक्तदान शिविर के दौरान वंदना ज्वेलर्स से किशोर प्रजापत, डॉक्टर हिमांशु वशिष्ट, गोपी धोलीवाल, श्रवण मौजीका, पीटीआई हनुमान सहाय, मोरिजा ग्राम पंचायत प्रशासक मंगलचंद सैनी, गीतांजलि आश्रम के ओम निरंजन दास महाराज, ब्राह्मण समाज राजस्थान के जिला अध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, अवधेश मक्की, गजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, शैतान सैनी, कमलेश भावरिया, महेश भावरिया, डॉक्टर ओम प्रकाश यादव, ओम प्रकाश सैनी, अशोक सैनी, बालकिशन बागड़ा ,शशिकांत मिश्रा, खेतराज प्रजापत, महेंद्र प्रजापत ,अमित मिश्रा, विकास मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।






## डेयरी सचिव रामचंद्र यादव को मिला एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड 2025


**जयपुर (हमारा वतन)।** घिनोई स्थित नई ढाणी दुग्ध उत्पादक महिला सहकारी समिति लि. के सचिव और पशुधन सहायक रामचंद्र यादव को इंटरनेशनल अवॉर्ड मिला है।

अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा 25 राष्ट्रों के राष्ट्रीय ध्वजों के सानिध्य में नागरिक अभिनंदन समारोह के महाकुंभ में कर्मस्थली से विकास तक उत्कृष्ट कार्य करने पर मंच द्वारा विभिन्न राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से अलग-अलग विभागों के 51 भारतीय प्रतिभाओं को विभिन्न देशों के प्रतिनिधि सहित नेपाल देश के उपराष्ट्रपति एवं न्यायमूर्ति परमानंद झा व भूटान सरकार के उप प्रधानमंत्री सहित पूर्व नेपाल सरकार की प्रधानमंत्री गीता राव और उनकी टीम ने सभी को एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड 2025 देकर मेडल पहनाकर सम्मान किया।

सम्मान में नेपाल सरकार के नेताओं सहित विभिन्न देशों के राष्ट्रीय प्रतिनिधियों एवं विश्व जगतगुरु श्री श्री 1008 शिव शक्ति बाबा एवं सांसद रेखा यादव सहित भारत सरकार से डॉक्टर हुकुमचंद गणेशिया, राजस्थान सरकार से राज्य मंत्री प्रहलाद सहाय टांक एवं मंच के संयोजक डॉक्टर कुलदीप शर्मा और प्रतिभाओं के परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। समारोह नेपाल देश की राजधानी काठमांडू में रशियन कल्चर सेंटर में आयोजित हुआ।

## राज्यपाल को 37 वां वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया- लोकायुक्त लोहरा ने की राज्यपाल से मुलाकात

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को लोकायुक्त न्यायमूर्ति प्रताप कृष्ण लोहरा ने लोकभवन पहुँच कर मुलाकात की । इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को लोकायुक्त, राजस्थान का 37 वां वार्षिक प्रतिवेदन (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) प्रस्तुत किया। राज्यपाल से लोकायुक्त लोहरा ने लोक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही से संबंधित विषयों पर चर्चा भी की। उन्होंने लोकायुक्त के स्तर पर लोक सेवकों की जनता के प्रति जवाबदेही से संबंधित किए गए कार्यों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया।



टिकिट

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

## सम्पादकीय.....

## भारतीय विदेश नीति पर रहेगी नजर

हम नए साल में प्रवेश कर गए हैं। इस समय दुनिया में अनिश्चितता, शक्ति संतुलन में बदलाव और बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की स्थिति बनी हुई है। साल के पहले दिन ही चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ताइवान संबंधी बयान ने स्पष्ट कर दिया कि यह वर्ष काफी जटिल स्थितियां जनने जा रहा है। जिनपिंग का दो टूक लहजे में यह कहना कि ताइवान का चीन में विलय होकर रहेगा और ताइवानी राष्ट्रपति का अपनी संप्रभुता से किसी किस्म का समझौता करने से इनकार करना साल 2026 में टकराव की आशंकाओं की एक बानगी भर है। ऐसे माहौल में भारत की विदेश नीति पर सबकी निगाह रहने वाली है। हालांकि, अपने उद्देश्य की स्पष्टता, रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय-वैश्विक हितों को साधने वाली साझेदारियों के प्रति हमारी नीति पूरी तरह साफ है। इस साल अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया, आसियान, अफ्रीकी संघ और खाड़ी के देशों से रिश्ते हमारी विदेश नीति के केंद्र में रहेंगे। भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी, खासकर रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्थिर रहने की उम्मीद है। अमेरिका के साथ व्यापार और टैरिफ पर जारी मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मित्रता और ट्रंप के सबसे करीबी सलाहकारों में से एक सर्जियो गोर को भारत में अमेरिकी राजदूत नियुक्त किए जाने से दोनों देशों के संबंधों को नई गति मिलने की संभावना है। अमेरिका ने अपनी 'राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति 2025' में भारत के साथ वाणिज्यिक संबंधों और हिंद-प्रशांत रणनीतिक संबंधों को एक साथ विकसित करने के प्रति भी रुचि जताई है।रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इन दिनों रूस से बाहर कम यात्रा करते हैं। इसके बावजूद बीते दिसंबर में उनकी भारत यात्रा हुई। यह अपवाद था।


राम गोपाल सैनी

# श्री मां वैष्णो देवी मंदिर में हुआ 9वें पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन

**चौमूं (हमारा वतन)**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के वार्ड नंबर 43, विकास नगर, गीधावाली कोठी, सामोद बाईपास पुलिया के पास स्थित श्री मां वैष्णो देवी मंदिर में 9वें पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।

मंदिर महंत कैलाश भगत ने बताया कि आज मंदिर में विशाल पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। फूलों से मां वैष्णो देवी की मनमोहक झांकी सजाई गयी। प्रातः 10:15 बजे से राधेश्याम सीताराम सत्संग मंडल द्वारा हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे से भजन संध्या का आयोजन हुआ और अपरान्ह 3 बजे से पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन किया गया। योगगुरु जितेन्द्र चौधरी ने योग के करतब दिखाए।

महंत कैलाश भगत ने सभी धर्म प्रेमियों से मंदिर में पहुंचकर माता के दर्शन कर प्रसादी का लाभ लेने का आग्रह किया और बताया कि जो भी इस मंदिर में सच्चे मन से आता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

इस दौरान महोत्सव में डॉक्टर पवन तिवाडी, रामावतार स्वामी, गोविंद सैनी, रमेश सिंगोदिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, रामदयाल सैनी, राहुल सैनी, रोशन सैनी, ताराचंद सैनी, ललित कुमार अग्रवाल पलसाना, गायक रिंकू सैनी, विनोद सैनी, अशोक प्रजापत ,पीएम डूडी, रिछपाल बराला, कानाराम चौधरी, महेंद्र सैनी, हरि चौधरी, महेश सैनी, शंकर सैनी, कैलाश सिंगोदिया, रघुवर सैनी, बालकिशन बागड़ी, भंवर लक्कड़, बाबूलाल सैनी, रतन सैनी, अमरचंद सैनी,कन्हैया लाल सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।



# सर्दी बढ़ते ही खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़

## ग्राहकों को मिल रही 50 प्रतिशत की छूट

**जयपुर (हमारा वतन)**

बजाज नगर जयपुर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा परिसर में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन 20 नवम्बर से किया जा रहा है। सर्दी बढ़ते ही खादी लवर्स खरीददारी के लिए प्रदर्शनी में पहुँच रहे हैं।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 20 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2026 तक संचालित की जाएगी। यह प्रदर्शनी पिछले 15 वर्षों से निरंतर लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 220 स्टाल लगाई गयी हैं, जिनमें से 132 स्टॉल खादी व 88 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं। खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रियता बटोर रही है। इन प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है। प्रदर्शनी में सभी ग्राहकों को प्रांतीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत और पर प्रांतीय खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी।




**खादी स्टाल पर-** खादी वस्त्र, ऊनी वस्त्र, पॉलिस्टर वस्त्र,रजाई ,गद्दे ,साड़ी,शर्ट, कुर्ते, पजामे, लेडीज सूट, जेकेट, शाल, कम्बल, टॉवल,दरी, फर्श आदि मिल रहे हैं।

**खादी ग्रामोद्योग स्टाल पर -** तिलकुटा, नारियल तेल, तिल्ली तेल, मूंगफली तेल, सरसों तेल, देशी गुड़, हींग, शैम्पू, चमड़े के उत्पाद, सजावटी सामान, ऑर्गेनिक उत्पाद, नमकीन, सूखे मेवे, चूर्ण, आयुर्वेदिक दवाईयां आदि मिल रहे हैं।

## आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया का हुआ सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** नवोदय सम्मान समारोह का शुभारम्भ मीरा हॉस्पिटल के डायरेक्टर मुख्य अतिथि आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने दीप प्रज्वलित कर किया।

संत मीराबाई सा नव उदय साहित्य, गायन, नृत्य व कला सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। इस समारोह में पांच पुस्तकों का विमोचन किया गया । 10 गायन प्रस्तुतियां, पांच नृत्य प्रस्तुतियां, 85 काव्य पाठ और 200 साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सम्मान दिए गए। यह आयोजन नव उदय प्रकाशन, ग्वालियर, मध्य प्रदेश की डायरेक्टर ऋतु अग्रवाल द्वारा सफलतापूर्वक किया गया । नव उदय सम्मान समारोह 2025 में आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया का जीवन परिचय प्रस्तुत कर सम्मान किया गया ।




समारोह में बताया कि आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित है। आप 78 वर्ष की आयु में भातखंडे संगीत विद्यापीठ, लखनऊ से कथक नृत्य में विशारद है, साथ ही हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में विशारद है। आप सेंटर फॉर पब्लिक अवेयरनेस एंड इनफॉरमेशन के डायरेक्टर है। आपने विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से एम कॉम किया था, जिसमें आपको सिल्वर मेडल मिला था। आप पहले भारतीय हैं जिन्होंने बैंकिंग एग्जामिनेशन में विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।







# महारकलां निवासी आशा सैनी को डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** विद्याधर नगर जयपुर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान में सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा आशा सैनी संचालिका श्री महात्मा ज्योतिबा फुले महिला महाविद्यालय महार कलां को स्मृति चिन्ह व शाल ओढाकर सम्मानित किया । इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री राजस्थान सरकार अविनाश गहलोत, सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक शोभा रानी कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे ।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।